वुमेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी को सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब

देहरादून : संयुक्त राष्ट्र दिवस पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में माडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विवि से जुड़े विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उसके समाधान पर चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डा. ओंकार सिंह ने दीप जलाकर की। कार्यक्रम में टीएचडीसी इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, वुमेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी और फैकल्टी आफ टेक्नोलाजी की टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसमें प्रयास आइएएस स्टडी सर्किल के निदेशक डा. सुशील कुमार सिंह और डीएवी के पूर्व प्राचार्य डा. दिनेश सक्सेना निर्णायक रहे। प्रो. ओंकार सिंह ने सभी प्रतिभागियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को जलवायु संकट से निपटने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह चर्चा छात्रों को भविष्य में भी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए एकजुट करने के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान हुई प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार टीएचडीसी की निहारिका पांडे को मिला। सर्वश्रेष्ठ पेपर अवार्ड फैकल्टी आफ टेक्नोलाजी व सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब वुमेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी को मिला। (जासं)